देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

शानदार 31वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

अक्टूबर-2024

न्यूज मैग्जीन

मूल्य ₹25



भारत ने 5वीं बार जीता एशियन चैंपियंस हॉकी खिताब



मप्र के ओलंपिक-पैरालंपिक खिलाड़ी सम्मानित



न्यूजीलैंड का भारत दौरा

रोहित और टिम साउथी के बीच होगी बड़ी टक्कर

भारत ने किया

बांग्लादेश का सूपड़ा साफ

टी20 विश्वकप

अब महिलाओं की बारी

कमल चावला

बने विश्व 6 रेड स्नूकर चैम्पियन



शतरंज ओलंपियाड में मिले 3 टीम कप और 4 व्यक्तिगत स्वर्ण पदक

## देश के खेल इतिहास में बिसात पर सबसे ऐतिहासिक कामयाबी

Website: nationalsportstimes.org

29वां नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स अवॉर्ड विशेषांक

आरएनआई नंबरः 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स
पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2024-26
■ वर्ष-31 ■ अंक-4 ■ क्रमांक-287 ■ अक्टूबर-2024 ■ मूल्य-25 रूपये

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| कार्यकारी संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | मयूरी मौर्य |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | मनीषा पवार |
| फोटो जर्नलिस्ट | : | मनीष शुक्ला |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- अरुण भगोलीवाल
- आशीष पाण्डे
- शांति कुमार जैन
- समीर मिरीकर
- सुशील सिंह ठाकुर
- राजीव सक्सेना
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

अरुण अर्णव, अनिल वर्मा, हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मो. ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, संजय बेनर्जी, अमरनाथ, मो. अफरोज, सुरेन्द्र डहरे।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइल: 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



14 हॉकी का बड़ा सितारा

# भारतीय हॉकी की धड़कन हरमनप्रीत सिंह

## अंदर के पन्नों पर


| | |
|---|---|
| कानपुर में भी चमके अश्विन | 05 |
| भारतीय हॉकी टीम का धमाकेदार प्रदर्शन | 11 |
| कमल चावला बने विश्व चैंपियन | 13 |
| पैरालंपियन मांगे 'मोर' | 16 |
| भारत ने किया बांग्लादेश का सूपड़ा साफ | 26 |
| अश्विनी के नाम रहा चेन्नई टेस्ट | 29 |
| टेस्ट में भारत अब प्लस की स्थिति में | 30 |
| भारत का क्रिकेट कार्यक्रम | 34 |
| हिम्मत वाले खिलाड़ी | 35 |
| नया कोच नया कप्तान | 38 |
| फुटबॉल राउंडअप | 40 |
| नेशनल ओपन एथलेटिक्स | 43 |


**Website: www.nationalsportstimes.org**

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

आज ही अपनी प्रति बुक कराएं...







नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

### घर बैठे कैसे पाएं

आपको सिर्फ इतना करना है कि आप इस कूपन को भरकर भेजें और नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खुद चलकर आपके घर दस्तक देगा।

मैं ................................ नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स का वार्षिक सदस्य बनना चाहता/चाहती हूं। वार्षिक शुल्क 300 रुपए, दो वर्ष के लिए 600 रुपए (50 रुपए की छूट), तीन वर्ष के लिए 900 रुपए (80 रुपए की छूट), पांच वर्ष के लिए 1500 रुपए (100 रुपए की छूट) एवं आजीवन सदस्यता 15,000 रुपए मनीआर्डर या नगद ............... से भेज रहा हूं।

पूरा पता ..............................................................

..............................................................

मो. ......................... ईमेल.............................

**नोटः** *मनीऑर्डर या नगद राशि नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के नाम से भेजें। *आपकी सदस्यता राशि प्राप्त होने के अगले माह से पत्रिका के अंक नियमित रूप से भिजवाए जाएंगे। *पत्रिका केवल डाक द्वारा ही भेजी जाएगी। *किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

पत्रिका प्राप्त करने के लिए इस पते पर संपर्क करें: ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंस, जेके रोड, भोपाल-462023 (मप्र)
E-Mail: nationalsportstimes@yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com
फोन: 0755-4218892, मोबाइल: 09425025727



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# विवादों के ढेर पर भारतीय ओलंपिक संघ

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) में चला आ रहा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है और अब अध्यक्ष पीटी उषा पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया गया है। उड़नपरी उषा और कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों के बीच विवाद चल रहा है और अब इसने एक नया मोड़ ले लिया है। संघ में इन दिनों ढेरों विवाद सामने आ रहे हैं, जो खेल खिलाड़ियों की दृष्टि से बहुत ही निंदनीय है। इससे खिलाड़ियों का बहुत नुकसान हो रहा है। आईओए का विवाद अब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) तक पहुंच गया है। दरअसल, 12 सदस्यों ने आईओसी के एक वरिष्ठ अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर उषा पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया है। आईओए की पिछले दिनों हुई बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई जिसमें उषा ने रघुराम अय्यर को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से हटाने की उनकी अपील को सिरे से खारिज कर दिया था। उषा ने अपनी ओर से पहले ही कहा है कि अय्यर की नियुक्ति पांच जनवरी को कार्यकारी परिषद बैठक में आईओए संविधान का सख्ती से पालन करते हुए की गई थी जिसकी वीडियोग्राफी की गई थी जिससे इस फैसले से पीछे हटने का कोई कारण नहीं था।

आईओसी में संस्थागत संबंध और शासन के प्रमुख पोइवे को लिखे पत्र में इन 12 सदस्यों ने कहा कि वे चाहते हैं कि राष्ट्रीय संस्था का संचालन लोकतांत्रिक तरीके से हो। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे। उन्होंने लिखा, अगले दो महीनों के अंदर अध्यक्ष के साथ मिलकर एक उपयुक्त उम्मीदवार को नियुक्त करने का लक्ष्य है। हम आईओए अध्यक्ष के आचरण से बहुत चिंतित हैं जिनका तानाशाही व्यवहार हमेशा खेदजनक रहा है। हमें आपके ऐसे अनुभव से गुजरने के लिए भी खेद है जो उनके लिए हर एक बैठक या मौके पर अपने सहयोगियों के विचारों और चिंताओं को कम आंकना नियम बन गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ शर्मा, भूपेंद्र सिंह बाजवा, रोहित राजपाल, डोला बनर्जी, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। विवाद का मुख्य कारण मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) की नियुक्ति है। पिछले जनवरी में आईओए की नामांकन समिति ने कार्यकारी बोर्ड को संगठन के पहले सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति की सिफारिश की थी। इस समिति में ऊषा, दिग्गज मुक्केबाद मैरी कॉम और भारत से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी शामिल थीं। आईपीएल टीमों राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स और आईएसएल क्लब मोहन बागान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रह चुके रघुराम अय्यर को लगभग 3 करोड़ रुपये का वार्षिक पैकेज दिया गया। सीईओ की नियुक्ति ओलंपिक संस्था द्वारा प्रोफेशनलिज्म की दिशा में पहला कदम था। आईओए के पास कोई वित्त अधिकारी, एचआर हेड या लीगल हेड नहीं है।

विशेष

# चेन्नई के बाद कानपुर में भी जमकर चमके अश्विन

**भारतीय** टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने चेन्नई टेस्ट में 280 और कानपुर टेस्ट में सात विकेट से मात दी। इस सीरीज में अश्विन सबसे विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। अश्विन ने चेन्नई में अपने घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था हालांकि कानपुर में वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में नंबर वन गेंदबाज यानी किंग बन गए। अश्विन ने पहले टेस्ट मैच में शतकीय पारी खेली थी। पहली पारी में एक भी विकेट नहीं ले सके लेकिन दूसरी पारी में छह विकेट लिए। वहीं कानपुर टेस्ट में अश्विन ने पांच विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए।




अश्विन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अश्विन ने अब तक इस साइकिल में 10 मैच खेले हैं। इन 10 मैचों में वह 53 विट ले चुके हैं। अश्विन का इकोनमी रेट 3.40 का रहा वहीं औसत 21.18 का है। अश्विन एक बार चाक विकेट हॉल और पांच बार पांच विकेट हॉल ले चुके हैं। अश्विन ने कानपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलुवड को पीछे छोड़ा। हेजलवुड ने 11 मैचों में 51 विकेट लिए हैं। उनका इकोनमी रेट 3.26 का है वहीं औसत 20.45 का है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं। उनके नाम 12 मैचों में 48 विकेट हैं वहीं मिचेल स्टार्क के नाम 11 मैचों में 48 विकेट हैं। भारत को नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जहां पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। अश्विन का फॉर्म ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए परेशानी बन सकता है। ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले ही उन्होंने उनके गेंदबाजों की बादशाहत खत्म कर दी।

भारत ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। भारत ने स्वदेश में लगातार 18वीं टेस्ट श्रृंखला जीतकर अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। इस जीत से डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर मौजूद भारत के 11 मैच में आठ जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 98 अंक हैं जो 74.24 प्रतिशत अंक होते हैं। ऑस्ट्रेलिया 12 मैच में आठ जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 90 अंक से 62.50 प्रतिशत अंक जुटाकर दूसरे स्थान पर है।